उत्तर प्रदेश स्टेट इण्डस्ट्रियल डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड

upsidc

यूपीएसआईडीसी काम्पलेक्स
A-1/4, लखनपुर
पोस्ट बाक्स नं० 1050
कानपुर – 208 024
दूरभाष : 2582851-53 (PBX)
फैक्स : (0512) 2580797
वेबसाइट: www.upsidc.com
ई मेल : feedback@upsidc.com

संदर्भ संख्या /एसआईडीसी/ दिनांक

–: कार्यालय आदेश:–

निगम के निदेशक मण्डल की दिनांक 26.11.14 को आहूत 286वीं बैठक में निगम में 10 वर्ष से पुराने आवंटित एवं अभी तक रिक्त भूखण्डों के आबंटियों को इकाई लगाने हेतु समयविस्तारण की नीति के सम्बन्ध में एजेण्डा नोट प्रस्तुत करते हुए विस्तृत चर्चा की गई तथा निम्नवत् निर्णय लिया गया :–

"निगम के औद्योगिक क्षेत्रों में 10 वर्ष से कम अथवा अधिक (जिनके आवंटन/हस्तान्तरण पत्र/पट्टाविलेख में समयविस्तारण की शर्त का कोई उल्लेख नही है) आवंटित भूखण्डों के आवंटियों को (इस आशय का शपथ पत्र प्राप्त करते हुये कि निर्धारित समय–सीमा पर इकाई न लगाने पर भूखण्ड निरस्त कर दिया जाएगा) भूखण्ड पर इकाई लगाने हेतु अथवा भूखण्ड हस्तान्तरित करने हेतु अन्तिम रूप से एक वर्ष उपलब्ध कराया जाए, जिसके पश्चात अनुपयोगित/अहस्तान्तरित पाये जाने पर आवंटन निरस्त कर दिया जाए, जिस मामले में आवंटी द्वारा उपयोग करने का प्रयास किया गया हो में सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त समय 15 प्रतिशत (आवंटित दर का) समयविस्तारण शुल्क लेते हुये एक वर्ष का समय दिया जाए। यह सुविधा आदेश निर्गत करने की तिथि से 06 माह के लिये उपलब्ध करायी जाएगी तथा इस बीच इस निर्णय का समाचार पत्रों, उद्यमी संगठनों एवं जिला उद्योग केन्द्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए, जिससे अधिकॉश उद्यमियों को इसकी जानकारी हो सके।"

निदेशक मण्डल द्वारा पारित उक्त नीतिगत आदेश तत्काल प्रभाव से निगम में लागू किया जाता है। सभी सम्बन्धित इच्छुक उद्यमियों/आवंटियों को उपरोक्त नीति से अवगत कराते हुये उनकी सहमति प्राप्त होने पर स्पष्ट संस्तुति के साथ प्रस्ताव मुख्यालय, औद्योगिक क्षेत्र अनुभाग में अनुमोदनार्थ प्रेषित किये जाएगें।

(मनोज सिंह)
प्रबन्ध निदेशक

संख्या 1830 एसआईडीसी–आईए–Policy-Vol-16 दि० 14-01-15

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. महाप्रबन्धक विकास, उ०प्र०रा०औ०वि०नि०लि० को इस आशय से प्रेषित कि वह निगम की वेबसाइट में उक्त आदेश को अपलोड कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करें।
2. सचिव एवं समस्त अनुभागाध्यक्ष , उ०प्र०रा०औ०वि०नि०लि०, मुख्यालय कानपुर।
3. समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक, परियोजना अधिकारी, क्षेत्र प्रबन्धक, उ०प्र०रा०औ०वि०नि०लि०,
4. समस्त अधिकारी/कर्मचारी, उ०प्र०रा०औ०वि०नि०लि० (औ०क्षे०), मुख्यालय, कानपुर

Mgr(C) Dy Mgr (SV) / DEO 19/1/15 21/01/15

(मनोज सिंह)
प्रबन्ध निदेशक